Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 01-03-2007

Participants : Chavda Shri Harisinh

Title: Need to construct an over bridge at the crossings of National Highway passing through Palanpur City, Gujarat.

श्री हरिसिंह चावड़ा (बनासकांठा) : अध्यक्ष महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बनासकांठा के मुख्यालय पालनपुर शहर होकर राट्रीय राजमार्ग निकलता है। पालनपुर शहर के इन राट्रीय राजमार्ग के चौराहों पर अत्यंत भीड़ होती है और आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं जिसमें कई जानें चली जाती हैं। इन राट्रीय राजमार्गों के जो चौराहे हैं, उन्हीं पर ये दुर्घटनाएं होती हैं। ये चौराहे अत्यंत आबादी वाले भी हैं। इसके लिए डिशा पालनपुर के राजमार्ग एवं अहमदाबाद पालनपुर राजमार्ग पर, पालनपुर से बालाराम, पालनपुर से अम्बा जी राजमार्ग एवं पालनपुर से एगोला राजमार्ग पर पालनपुर शहर के जो चौराहे हैं, उन पर ऊपरीपुल बनाया जाना अति आवश्यक है जिससे दुर्घटना को रोका जा सके और यातायात को सुगम बनाया जा सके।

सदन के माध्यम से अनुरोध है कि उपरोक्त कार्यों को जनहित में अतिशीघ्र किया जाये।